सं. 1/4(iii)/2025-ई.II(बी)

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

*****

कर्तव्य भवन 1, कर्तव्य पथ
नई दिल्ली - 110001
दिनांक 06.10.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: पांचवे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान में अपना वेतन आहरित कर रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की दरों में संशोधन।**

अधोहस्ताक्षरी को, उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 02 अप्रैल, 2025 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/1(3)/2025-ई.II(बी) का संदर्भ लेने और यह कहने का निदेश हुआ है कि पांचवे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधन-पूर्व वेतनमान में अपना वेतन आहरित कर रहे कर्मचारियों के संबंध में महंगाई भत्ते (डीए) की दर को दिनांक **01 जुलाई, 2025** से मूल वेतन के **466%** की मौजूदा दर से बढ़ाकर **474%** कर दिया जाएगा।

2. इन आदेशों के तहत महंगाई भत्ते को विनियमित करते समय, इस मंत्रालय के दिनांक 03 अक्तूबर, 1997 के का.ज्ञा. सं. 1(13)/97-ई.II(बी) के पैरा 3, 4 और 5 में उल्लिखित प्रावधान लागू रहेंगे।

3. इस कार्यालय ज्ञापन की विषय-वस्तु को मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन उन सभी संगठनों के ध्यान में भी लाया जाए जहां केन्द्र सरकार के वेतनमान लागू हैं।

स.कु.दास

**(समीर कुमार दास)**
**उप सचिव, भारत सरकार**

**सेवा में**

**भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)।**

**प्रतिलिपि: नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग आदि (मानक पृष्ठांकन सूची के अनुसार)।**